नाता जोड़ लिया | by Raj Pareek

नाता जोड़ लिया ....
नाता जोड़ लिया ....
इस जग की मायानगरी से रिश्ता तोड़ लिया
नाता जोड़ लिया तुमसे नाता जोड़ लिया

हाथ में हाथ लिए साथ चलना बाबा
आस बस तुमसे है लाज रखना बाबा
दुनिया वाली गलियों से मुंह ही मोड़ लिया
इस जग की मायानगरी से रिश्ता तोड़ लिया
नाता जोड़ लिया तुमसे नाता जोड़ लिया

कृपा जो हमपे हुई तो ये विश्वास जगा
किया जितना तुमने करे ना कोई सगा
जीवन का हर फैसला तुझपे छोड़ दिया
इस जग की मायानगरी से रिश्ता तोड़ लिया
नाता जोड़ लिया तुमसे नाता जोड़ लिया

ये रिश्ता तुमसे है तेरी माया से नहीं
रिझाया दिल से है सिर्फ काया से नहीं
राज को इतना काफी है तुमने गौर किया
इस जग की मायानगरी से रिश्ता तोड़ लिया
नाता जोड़ लिया तुमसे नाता जोड़ लिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a5%8b%e0%a4%a1%e0%a4%bc-%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-raj-pareek/